मूल हिंदी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 853
04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत कार्यक्षेत्र

†853.**श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादवः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत जून, 2025 तक चार विभिन्न कार्यक्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और
(ख) उक्त योजना के तहत जून, 2025 तक स्वीकृत, निर्माणाधीन और निर्मित घरों की संख्या सहित योजना की समग्र प्रगति क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) देश भर में पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ हर मौसम में रहने योग्य पक्के आवास प्रदान करने के उद्देश्य से 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह योजना चार घटकों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। पीएमएवाई-यू योजना की कार्यान्वयन अवधि, जो पहले 31.03.2022 तक थी, को वित्त पोषण पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए 31.12.2025 तक बढ़ा दिया गया है।

इसके अलावा, पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने योजना को नया रूप दिया है और अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों की सहायता करने के लिए देश भर के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वयन के लिए 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है।

पीएमएवाई-यू 2.0 को चार घटकों अर्थात् लाभार्थी-आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना के दिशा-निर्देशों को https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf पर देखा जा सकता है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव के आधार पर, मंत्रालय द्वारा अब तक पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत 10.43 लाख सहित इस योजना के अंतर्गत कुल 122.06 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 113.85 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरु हुआ और 24.11.2025 तक देश भर में 96.02 लाख आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है/ लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

*****